Sixteenth Loksabha

>

Title: Regarding destruction of crops due to hailstorm in Ganganagar.

श्री निहाल चन्द (गंगानगर): सभापति महोदय, मैं राजस्थान के भारत-पाक सीमा से सटे क्षेत्र श्रीगंगानगर से आता हूँ। …(व्यवधान) मेरा जो इलाका है, वह पाकिस्तान सीमा पर है, जहां पर बड़े पैमाने पर सरसों, गेहूँ, चना, कपास की फसल होती है। …(व्यवधान) देश को खाद्यान्न संपन्न करने के उद्देश्य से किसान अपनी पूरी मेहनत करता है। …(व्यवधान) महोदय, कल मेरे लोक सभा क्षेत्र श्रीगंगानगर और हुनमानगढ़ में बहुत बड़ी ओलोवृष्टि हुई है। …(व्यवधान)

जिससे किसानों की 100 प्रतिशत फसल खराब हो गई है। किसानों के पास में कुछ भी नहीं बचा है।…(व्यवधान) किसान मेहनत करके, खून और पसीने की कमाई से फसलों का सींचता है, लेकिन कल ओलावृष्टि होने की वजह से गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले में पूरा का पूरा जिला बर्बाद हो गया है। पूरे किसान बर्बाद हो गए हैं। मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन है कि…(व्यवधान)

माननीय सभापति : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र और श्री दुष्यन्त सिंह को श्री निहाल चंद द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री विनायक राऊत।